कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन/फैक्स 0135-2608646

उत्तराखण्ड शासन

पत्रांक : UKHFWS/NHM/NVBDCP/2020/631-IDSP

दिनांक : 27 जून, 2020

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
समस्त जनपद उत्तराखण्ड।

विषय : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत डेंगू प्रबन्धन हेतु कार्यवाही किये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में डेंगू रोग एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। डेंगू रोग के नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपदवार ROP प्रदान की जा चुकी है। आप विदित ही हैं कि वैक्टर जनित रोगों का संक्रमण काल प्रायः माह जुलाई से माह नवम्बर तक रहता है, अतः आप प्राथमिकता से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वैक्टर जनित रोगों के नियंत्रण हेतु अनुमोदित गतिविधियों को उपलब्ध धनराशि से शीघ्र सम्पन्न करने का कष्ट करें ताकि वैक्टर जनित रोगों द्वारा किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति को होने से रोका जा सके।

आप अपने स्तर से समुचित मात्रा में डेंगू जांच किट, लैब हेतु अन्य reagents, ELISA machine की कार्यशीलता, Larvicide, Fogging हेतु chemicals, मलेरिया रेपिड किट, औषधि, फॉगिंग मशीन की मरम्मत एवं क्रय जैसे मुख्य कार्यो को शीघ्र सम्पन्न करने का कष्ट करें।

जैसा कि आप विदित है आई0डी0एस0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर District Public Health Laboratory (DPHL) का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य के 5 जनपदों में आई0डी0एस0पी0 DPHL कार्यशील है। अन्य 8 जनपद क्रमशः बागेश्वर, चमोली, चम्पावत, नैनीताल, पिथोरागढ, रूद्रप्रयाग, टिहरी गढवाल, उत्तरकाशी में DPHL सुदढ़ीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2019–20 व 2020–21 में धनराशि अनुमोदित की गई है। अतः आप अपने स्तर से आमागी माह में डेंगू रोग की सम्भावना को देखते हुए ELISA Reader and washer प्राथमिकता से क्रय कर क्रियाशील करना सुनिश्चित करें।

उक्त गतिविधियों से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अवगत करायें व उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रेषित करें।

भवदीया

(सोनिका) भा0प्र0से0
मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

पत्रांक : UKHFWS/NHM/NVBDCP/2020/

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित :

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
2. प्रभारी सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
4. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड।
5. अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन।
6. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Scanned with CamScanner